प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 30.09.2025**

❖ **थाना अकबरपुर पुलिस के अथक प्रयास से गुमशुदा हुए एक नाबालिग किशोर उम्र करीब 10 वर्ष को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि पुलिस अधीक्षक महोदया श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा गुमशुदा की तलाश हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 20.09.2025 को आवेदक श्री बनवारी लाल पुत्र नरोत्तमदास निवासी ग्राम माती किशनपुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा थाना हाजा उपस्थित आकर सूचना दी गई कि दिनांक 18.09.2025 को समय करीब 18.00 बजे आवेदक का पुत्र विवेक उर्फ बल्लू निवासी माती किशनपुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 10 वर्ष जो स्कूल पढ़ने गया था, वह स्कूल न जा कर कहीं चला गया है व अभी तक वापस नहीं आया है, काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका। प्राप्त सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा गुमशुदगी दर्ज कर गुमशुदा उपरोक्त की तलाश हेतु टीमें गठित की गयी एवं मिलने के सभी सम्भावित स्थानों जैसे बस अड्डा, रेलवे स्टेशन आदि पर काफी तलाश की गयी। अथक प्रयास के बाद गुमशुदा विवेक उर्फ बल्लू को आज दिनांक 30.09.2025 को जैनपुर से सकुशल बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा विवेक उर्फ बल्लू उपरोक्त के परिजनों को थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात बुलाया गया, जहाँ से आवश्यक कार्यवाही के पश्चात उसे परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। पुलिस के इस सराहनीय कार्य की परिजनों द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

बरामद करने वाली पुलिस टीम-

थाना अकबरपुर पुलिस।